**प्रेस नोट संख्या - 18**

**दिनांक 19.07.2026**

**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**

**थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी की 01 ट्रैक्टर व 02 ट्राली के साथ व 02 अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 19.07.2026 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर ट्रैक्टर सवार अभियुक्त 1.मो0 शाहिल पुत्र असलम निवासी राजघाट सराय थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र करीब 22 वर्ष 2. मो0 जहीर पुत्र मुन्ना निवासी सिदौली रामपुर थाना बछरांवा जनपद रायबरेली उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 ट्रैक्टर 02 ट्राली को बरामद किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ट्रैक्टर-ट्राली के बारे में पूछने पर बताया कि हम दोनों ने 01 सफेद रंग की ट्राली दिनांक 03/04.07.2026 की रात्रि को पूरे रग्घू शुक्ल का पुरवा मवैया रहमतगढ़ से चोरी किया था, 01 नीले रंग की ट्राली को दिनांक 08/09.07.2026 को ग्राम पाताल पुरवा बाराबंकी से चोरी किया था तथा 01 नीले रंग का ट्रैक्टर ACE DI 450 UP 32JB 6496 को कमालपुर लखनऊ से चुराया था।

उक्त चोरी के संबन्ध में थाना बाजारशुक्ल पर मु0अ0सं0 181/26 धारा 303(2) बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत किया गया था। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा **317(2)** बीएनएस की बढोत्तरी की गई। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1. मो0 शाहिल पुत्र असलम निवासी राजघाट सराय थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र करीब 22 वर्ष।
2. मो0 जहीर पुत्र मुन्ना निवासी सिदौली रामपुर थाना बछरांवा जनपद रायबरेली उम्र 40 वर्ष।

**बरामदगी-**

- चोरी के 02 ट्राली, 01 ट्रैक्टर UP 32JB 6496।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 181/26 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री विवेक वर्मा थानाध्यक्ष थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार तिवारी थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 चन्द्रशेखर यादव थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
4. हे0का0 रमेश यादव थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
5. हे0का0 वीरेन्द्र सिंह थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
6. का0 भूपेन्द्र सिंह थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
7. का0 हिमांशु कुमार थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
8. रि0का0 अनिल कुमार थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।